राजस्थान पत्रिका, पेज नंबर :- ०२
दिनांक :- २२/०२/२०२६

### पांच नए मेट्रो स्टेशन होंगे शुरू, गांधीनगर के यात्रियों को मिलेगी राहत


# अहमदाबाद से महात्मा मंदिर तक दौड़ेगी मेट्रो ट्रेन, प्रधानमंत्री आज करेंगे उद्घाटन

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**गांधीनगर.** अब अहमदाबाद और गांधीनगर के लोगों को महात्मा मंदिर तक मेट्रो ट्रेन की सेवा मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार शाम को गुजरात मेट्रो ट्रेन सेवा के महात्मा मंदिर रूट का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही गांधीनगर सचिवालय से महात्मा मंदिर तक 5.36 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर पर बनाए गए पांच नए मेट्रो स्टेशन का भी लोकार्पण करेंगे। इसमें अक्षरधाम, पुराना सचिवालय, सेक्टर-16, सेक्टर-24 और महात्मा मंदिर मेट्रो स्टेशन शामिल हैं।

**अब अक्षरधाम मंदिर तक सीधे पहुंच सकेंगे श्रद्धालु :** इन मेट्रो स्टेशनों के शुरू होने से अहमदाबाद से गांधीनगर के बीच सफर करने वाले लोगों को यात्रा में और सुविधा होगी। अक्षरधाम स्टेशन के उद्घाटन से श्रद्धालु और पर्यटक प्रसिद्ध अक्षरधाम मंदिर तक पैदल पहुंच सकेंगे। स्टेशन के आसपास विद्या समीक्षा केंद्र, सेक्टर 10बी, 18, 21 का बाजार, आवासीय क्षेत्र और पुनित वन भी पैदल दूरी पर हैं। लोकभवन भवन लगभग 2 किलोमीटर और सर्किट हाउस करीब 20 मिनट की पैदल दूरी पर है।

**सरकारी कर्मचारियों को मिलेगी राहत :** पुराना सचिवालय स्टेशन सरकारी कर्मचारियों के लिए फायदेमंद होगा। अब सचिवालय परिसर, पुराने विधायक क्वार्टर और हेलिपैड प्रदर्शनी केंद्र तक सीधी पैदल पहुंच संभव होगी, जिससे सड़क यातायात में कमी आएगी। सेक्टर-16 स्टेशन से सेक्टर 16, 22 और 23 के निवासियों के अलावा स्वामीनारायण गुरुकुल के छात्र भी सीधे स्टेशन से पहुंच सकेंगे।



गांधीनगर में महात्मा मंदिर मेट्रो स्टेशन का आसमान से नजारा।




गांधीनगर स्थित मेट्रो के महात्मा मंदिर स्टेशन का दौरा करते भाजपा के प्रदेश महामंत्री अजय ब्रह्मभट्ट, गांधीनगर शहर भाजपा अध्यक्ष व अन्य।

## छात्रों, शिक्षा संस्थान के कर्मचारियों को सुविधा

सेक्टर-24 स्टेशन के शुरू होने से एलडीआरपी इंस्टीट्यूट, इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (सेक्टर-15) और गुजरात इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट के छात्र व कर्मचारी लाभान्वित होंगे।

## दांडी कुटीर, रेलवे स्टेशन तक का सफर होगा सुलभ

महात्मा मंदिर स्टेशन इस कॉरिडोर का अंतिम स्टेशन है, जहां महात्मा मंदिर कन्वेंशन एंड एग्जिबिशन सेंटर, दांडी कुटीर म्यूजियम, खेल परिसर, गांधीनगर एथलेटिक कॉम्प्लेक्स तक पैदल पहुंच संभव होगी। यहां से गांधीनगर कैपिटल रेलवे स्टेशन और लीला होटल भी नजदीक हैं। मेट्रो ट्रेन के विस्तार से सरकारी कर्मचारियों, छात्रों, पर्यटकों और स्थानीय निवासियों के लिए आवागमन सुगम होगा। सड़क यातायात में कमी आने के साथ यात्रा का समय घटेगा और गुजरात की शहरी परिवहन व्यवस्था को मजबूती मिलेगी।